# बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

पुराने कागजातों की नीलामी हेतु

## अल्पकालीन नीलामी आमंत्रण सूचना

1. आयोग कार्यालय में रक्षित विभिन्न पुरानी परीक्षाओं के अव्यवहृत/अनुपयोगी प्रश्न पुस्तिका, उत्तर–पुस्तिका, प्रश्न पत्र, ओ0एम0आर0, आवेदन पत्र एवं अन्य अनुपयोगी कागजातों की श्रेडिंग/लुग्दीकरण के उपरान्त बिक्री हेतु निबंधित प्रतिष्ठान, जिन्हें इसका अनुभव है, से मुहरबंद नीलामी आवेदन आमंत्रित की जाती है।
2. पूर्ण रूप से भरा गया नीलामी प्रपत्र 'क' अन्य वांछित कागजातों के साथ सील्ड लिफाफा में डालकर सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पदनाम से निबंधित डाक/स्पीड–पोस्ट के माध्यम से इस प्रकार भेजे कि वह दिनांक **17.05.2022** के अपराह्न **3:00** बजे तक आयोग कार्यालय में प्राप्त हो जाये। (इच्छुक व्यक्ति/फर्म भरा हुआ आवेदन की हार्ड कॉपी आयोग कार्यालय में भी जमा कर सकते हैं।)
3. सील्ड लिफाफा के ऊपर "अव्यवहृत प्रश्न पुस्तिका, उत्तर–पुस्तिका, प्रश्न पत्र, ओ0एम0आर0, आवेदन पत्र एवं अन्य अनुपयोगी कागजातों की बिक्री हेतु नीलामी" अवश्य अंकित करें।
4. "अव्यवहृत प्रश्न पुस्तिका, उत्तर–पुस्तिका, प्रश्न पत्र, ओ0एम0आर0, आवेदन पत्र एवं अन्य अनुपयोगी कागजातों का अवलोकन कार्यालय अवधि में दिनांक–16.05.2022 तक 15, नेहरू पथ, पटना स्थित आयोग कार्यालय में किया जा सकता है।
5. उल्लिखित कागजातों का नीलामीदाता द्वारा श्रेडिंग/लुग्दीकरण करा कर विक्रय किया जायेगा। श्रेडिंग/लुग्दीकरण करने के लिए मशीन नीलामीदाता को अपने खर्च पर आयोग कार्यालय में लाना होगा तथा अपने खर्च पर आयोग परिसर में तौल कर लुग्दीकरण करा कर, बोराबंदी कराना होगा।
6. नीलामी आवेदन के साथ पिछले तीन वर्षों का आयकर रिटर्न, GST रिटर्न, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं स्वच्छता प्रमाण–पत्र (काली सूची में दर्ज नहीं है से संबंधित) संलग्न करना आवश्यक होगा।
7. नीलामी आवेदन के साथ अग्रधन की राशि **रू॰ 25,000/–** का सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पदनाम से पटना में भुगतेय बैंक–ड्राफ्ट संलग्न करना आवश्यक होगा।
8. कार्य का ब्यौरा एवं अन्य शर्त्त नीलामी प्रपत्र–"ख" में उल्लिखित है।
9. निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त नीलामी आवेदनों को दिनांक–17.05.2022 को अपराह्न 4.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी, जिसमें नीलामीदाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। उपस्थित नीलामीदाता/अधिकृत प्रतिनिधि को बोली लगाने की प्रक्रिया में शामिल होना होगा। उच्चतम बोली लगाने वाले नीलामीदाता के द्वारा सम्पूर्ण कागजात को तौल कर पूर्ण राशि के भुगतान उपरांत आदेश प्राप्ति के 07 (सात) दिनों के अन्दर श्रेडिंग/लुग्दीकरण के पश्चात कार्यालय से कार्यालय अवधि में उठाव करना होगा। बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी को एक या सभी नीलामी आवेदनों को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
10. **नीलामी हेतु सभी पुराने "अव्यवहृत प्रश्न पुस्तिका, उत्तर–पुस्तिका, प्रश्न पत्र, ओ0एम0आर0, आवेदन पत्र एवं अन्य अनुपयोगी कागजातों का न्यूनतम बेस प्राईस रू॰ 29.25 प्रति किलोग्राम मात्र है।**
11. नीलामी प्रपत्र–"क" एवं "ख" दिनांक–16.05.2022 तक कार्यालय अवधि में अयोग कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है। नीलामी प्रपत्र को आयोग के वेबसाइट www.bpsc.bih.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

04/05/22

सचिव

बिहार लोक सेवा आयोग,पटना।

दूरभाष संख्या–2215187

## बिहार लोक सेवा आयोग, पटना
### नीलामी प्रपत्र 'क'

1. प्रतिष्ठान का नाम :

2. प्रोप्राइटर का नाम :

हिन्दी में :..............................................................................................

अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में : ..............................................................................................

3. पत्राचार का पता : ..............................................................................................

: ..............................................................................................

: ..............................................................................................

: ..............................................................................................

फोन नं॰ : ..............................................................................................

4. कार्य सम्पादन की अवधि : ..............................................................................................

5. अग्रधन राशि का ब्यौरा–बैंक का नाम : ..............................................................................................

बैंक ड्राफ्ट संख्या : ..............................................................................................

तिथि : ..............................................................................................

राशि

6. (क) स्वच्छता प्रमाण–पत्र (फर्म के काली सूची में दर्ज नहीं होने से संबंधित हेतु स्व शपथ पत्र):.........

..............................................................................................

(ख) अद्यतन आयकर रिटर्न की प्रतिः ..............................................................................................

(ग) अद्यतन GST रिटर्न एवं प्रमाण–पत्र की प्रतिः ..............................................................................................

(घ) आधार कार्ड की प्रति..............................................................................................

(ड॰) पैन कार्ड की प्रति..............................................................................................

### घोषणा

मैं ...................................................... एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त सभी कथन सत्य है एवं मेरे द्वारा नीलामी की सभी शर्त्तों के अनुसार कार्य सम्पादित किया जायेगा। किसी प्रकार की भूल/त्रुटि होने अथवा नीलामी की शर्त्तों के विरूद्ध कार्य सम्पादित किये जाने पर, आयोग को नीलामी रद्द करने का अधिकार होगा। सफल नीलामीदाता के स्थिति में कुल नीलामी राशि को कार्यादेश प्राप्त होने के 07 (सात) दिनों के अन्दर जमा करूँगा एवं अगले 07 (सात) दिनों में उक्त कागजातों का लुग्दीकरण/श्रेडिंग कर उठाव संपन्न करूंगा।

दिनांक ....................................

स्थान ......................................

नीलामीदाता का हस्ताक्षर

# बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

## नीलामी प्रपत्र– "ख"

| | | |
|---|---|---|
| 1. नीलामी आमंत्रित करनेवाले पदाधिकरी का पदनाम | : | सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना। |
| 2. नीलामी आवेदन प्राप्त करने की तिथि एवं समय | : | दिनांक–17.05.2022 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 3. नीलामी आवेदन प्राप्त करने का स्थान | : | पूछ–ताछ शाखा, बिहार लोक सेवा आयोग, 15, नेहरू पथ, पटना। |
| 4. नीलामी आवेदन खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | : | दिनांक–17.05.2022 को अपराह्न 4.00 बजे सचिव के कार्यालय कक्ष में। |
| 5. अग्रधन की राशि | : | 25,000/– रू० मात्र सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पदनाम से बैंक–ड्राफ्ट के रूप में देय एवं पटना में भुगतेय। |
| 6. कार्य का ब्यौरा | : | बिहार लोक सेवा आयोग, पटना कार्यालय में रक्षित अनुपयोगी कागजातों का श्रेडिंग/लुग्गदीकरण के पश्चात् उठाव करना। |
| 7. कार्य सम्पादन की अवधि | : | पन्द्रह दिनों के अंदर |

8. नीलामी आवेदन के साथ आवश्यक संलग्नक :

(i) पिछले तीन वर्षों की आयकर रिटर्न, GST रिटर्न एवं स्वच्छता प्रमाण–पत्र (फर्म के काली सूची में दर्ज नहीं है से संबंधित), आधार कार्ड, पैन कार्ड की प्रति संलग्न करना होगा।

(ii) अग्रधन की राशि का बैंक–ड्राफ्ट

9. अन्य शर्तें :–

(क) जिन्हें कार्यादेश देने का निर्णय होगा, उन्हें कार्यादेश प्राप्ति के 07 (सात) दिनों के अन्दर पूरी राशि जमा करनी होगी। पूर्ण राशि जमा करने के 07 (सात) दिनों के अन्दर उक्त कागजातों की अपने खर्च पर श्रेडिंग/लुग्गदीकरण कर आयोग कार्यालय से उठाव करना होगा। निर्धारित समय तक सम्पूर्ण राशि नहीं जमा करने पर निर्गत कार्यादेश निरस्त करते हुए दूसरे सबसे अधिकतम दर की बोली लगाने वाले फर्म के नाम से कार्यादेश जारी किया जाएगा तथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।

(ख) निर्धारित अन्तिम तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने वाले नीलामी आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

(ग) आयोग के सचिव को बिना कारण बताये नीलामी आवेदन को रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

(घ) उच्चतम बोली लगाने वाले फर्म को स्वीकृत दर पर अगले एक वर्ष की अवधि के लिए उपरोक्त प्रकृति का कार्य करना होगा।

04/05/22

सचिव

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।